आकाशवाणी केन्द्र शिमला
06.04.2026/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला जिले में कोटखाई क्षेत्र के देवरी खनेटी में 38 करोड़ 8 लाख रूपए से बनी उठाउ पेयजल योजना का उदघाटन किया। ये योजना पब्बर नदी से बनाई गई है और इससे क्षेत्र की 23 पंचायतों के लोग लाभान्वित होंगे। अग्निहोत्री ने बताया कि जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 3 सौ करोड़ रूपए की जल परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है जो जल्द पूरा किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने लगभग दो करोड़ रूपए से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी खनेटी का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि पब्बर नदी से उठाउ पेयजल योजना के निर्माण से क्षेत्र के लोगों की पेयजल की किल्लत पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में प्रदेश में सबसे अधिक 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी स्वीकृत हुआ है।

पंचायत रोस्टर

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर अनेक जिलों में आरक्षण रोस्टर आज जारी कर दिया गया है। इसके अलावा नगर परिषद और नगर पंचायतों के लिए भी आरक्षण रोस्टर जारी किए गए हैं। शिमला जिले में पंचायत समिति अध्यक्ष के दो पद अनुसूचित जाति, दो पद अनुसूचित जाति महिला और पांच पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज असम में अनेक स्थानों पर विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि असम की जनता अब बदलाव चाहती है और कांग्रेस पार्टी को सत्ता में लाना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में असम विकास की दौड़ में पिछड़ गया है और अर्थव्यवस्था पर विपरीत असर पड़ा है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर असम में पिछले 10 वर्षों में हुए भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करवाई जाएगी।

बस सेवा

शिलाई से शिमला के लिए राज्य पथ परिवहन निगम की सीधी बस सेवा शुरू हो गई है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज शिलाई में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने शिलाई से कफोटा तक यात्रियों के साथ बस में यात्रा की। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा के शुरू होने से लोगों की पिछले लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि शिमला के अलावा अन्य प्रमुख स्थानों के लिए भी शिलाई से राज्य पथ परिवहन निगम की सीधी बसें चलाई जाएंगी।

गैस आपूर्ति

प्रदेश में गैस सिलेंडरों की प्राप्ति और वितरण पर राज्य सरकार द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है और घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरूपयोग को रोकने के लिए निरीक्षण किए जा रहे हैं। खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की निदेशक कुमद सिंह ने आज शिमला में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर सभी जिला नियंत्रकों के साथ एक बैठक की। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती जिलों में कार्यरत प्रवासी श्रमिकों को पांच किलो के गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं और इस समय राज्य में लगभग 3 हजार 7 सौ सिलेंडर उपलब्ध है। कुमद सिंह ने बताया कि पैट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर से जुड़ी शिकायत को लेकर उपभोक्ता टोल फ्री नम्बर 1967 पर कॉल कर सकते हैं।

सोलन गैस

पश्चिम एशिया क्षेत्र में उत्पन्न स्थिति के बावजूद प्रदेश में घरेलू गैस की आपूर्ति सुचारू है और लोगों को आसानी से गैस सिलेंडर मिल रहे हैं। सोलन भाजपा शहरी मंडल के अध्यक्ष शलैन्द्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से ही देश में पैट्रोलियन पदार्थों की निर्बाध आपूर्ति संभव हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के खाड़ी देशों के साथ अच्छे संबंधों के साथ ही भारत में पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है।